prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Law

Simplifying **Government Exams**


SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 5 8 1 2**

Time : **$1\frac{1}{4}$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The Supreme Court held in which of the following cases that preamble is not the part of the Constitution of India
(A) Berubari case
(B) A. K. Gopalan case
(C) Balaji Case
(D) Minerva Mill's case

**2.** Article 16(4A) which gives power to the State to make laws regarding reservation in favour of Scheduled Castes and Scheduled Tribes was added by the
(A) $75^{th}$ Amendment to the Constitution of India.
(B) $76^{th}$ Amendment to the Constitution of India.
(C) $77^{th}$ Amendment to the Constitution of India.
(D) $78^{th}$ Amendment to the Constitution of India.

**3.** The protection and improvement of environment including forests and wild life of the country is
(A) Directive Principle of State Policy
(B) Fundamental National Policy
(C) Fundamental Duty of a Citizen
(D) Both Directive Principle of State Policy and Fundamental Duty of a Citizen

**4.** Originally the Supreme Court consisted of a Chief Justice and
(A) Seven other judges
(B) Twelve other judges
(C) Thirteen other judges
(D) Fifteen other judges

**5.** A resolution passed under Clause (1) of Article 249 shall remain in force for such period not exceeding
(A) Three months
(B) Six months
(C) Nine months
(D) Twelve months

**6.** The President's rule under Article 356 of the Constitution of India remains valid in the State for maximum period of
(A) One month
(B) Three months
(C) Six months
(D) One year

**7.** The power of the Parliament to a mend the Constitution of India is a constituent power laid down in Article 368 by
(A) Twenty Fourth Amendment Act
(B) Twenty Sixth Amendment Act
(C) Forty Second Amendment Act
(D) Forty Fourth Amendment Act

**8.** 'Jurisprudence is as big as law and bigger'. who said this ?
(A) Austin
(B) Lloyds
(C) Lewellyn
(D) Holland

**9.** "Rousseau is a Janus like figure in the history of national law" – who said this ?
(A) Hobbes
(B) J. S. Mill
(C) Locke
(D) Barker



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु - विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** सर्वोच्च न्यायालय ने निम्न में से किस मामले में निर्धारित किया कि उद्देशिका भारतीय संविधान का हिस्सा नहीं है :

(A) बेरूबरी मामला
(B) ए. के. गोपालन मामला
(C) बालाजी का मामला
(D) मिनर्वा मिल का मामला

**2.** अनुच्छेद 16(4A) जो राज्य को अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में आरक्षण से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार देता है, किसके द्वारा सम्मिलित किया गया था ?

(A) भारतीय संविधान का पचहत्तरवां संशोधन
(B) भारतीय संविधान का छिहत्तरवां संशोधन
(C) भारतीय संविधान का सतहत्तरवां संशोधन
(D) भारतीय संविधान का अठहत्तरवां संशोधन

**3.** देश के वनों तथा वन्य जीवन समेत पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार है :

(A) राज्य नीति निर्देशक सिद्धान्त
(B) मौलिक राष्ट्रीय नीति
(C) नागरिक का मौलिक कर्तव्य
(D) राज्य नीति निर्देशक सिद्धान्त तथा नागरिक के मौलिक कर्तव्य दोनों

**4.** सर्वोच्च न्यायालय मूलत: मुख्य न्यायाधीश तथा ________ से गठित था

(A) सात अन्य न्यायाधीश
(B) बारह अन्य न्यायाधीश
(C) तेरह अन्य न्यायाधीश
(D) पन्द्रह अन्य न्यायाधीश

**5.** अनुच्छेद 249 के खंड (1) के अन्तर्गत पारित प्रस्ताव निम्नलिखित से अधिक अवधि के लिये प्रवृत्त नहीं रहेगा :

(A) तीन माह
(B) छ: माह
(C) नौ माह
(D) बारह माह

**6.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत राष्ट्रपति शासन राज्य में अधिकतम समय के लिये वैध रहता है :

(A) एक माह
(B) तीन माह
(C) छ: माह
(D) एक वर्ष

**7.** भारत के संविधान को संशोधित करने की संसद की शक्ति संवैधानिक शक्ति है जो अनुच्छेद 368 में दी गई :

(A) चौबीसवां संशोधन अधिनियम द्वारा
(B) छब्बीसवां संशोधन अधिनियम द्वारा
(C) बयालिसवां संशोधन अधिनियम द्वारा
(D) चौवालिसवां संशोधन अधिनियम द्वारा

**8.** 'विधिशास्त्र विधि की तरह ही बड़ा है और उससे भी बड़ा' यह किसने कहा है ?

(A) ऑस्टिन
(B) लॉयड्स
(C) लेवलिन
(D) हॉलैंड

**9.** "प्राकृतिक विधि के इतिहास में रूसो (Rousseau) एक जेनूस की तरह का व्यक्तित्व है ।" यह किसने कहा ?

(A) हॉब्स
(B) जे. एस. मिल
(C) लोक्
(D) बार्कर



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

10. Match List-I (Jurist) with List-II (Assumption) and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Acquinars | (a) Jural postulates |
| II. Pound | (b) Spirit of people |
| III. Kelsen | (c) Ground norm |
| IV. Savigny | (d) Reason and will in law |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (d) | (c) | (a) |
| (B) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (C) | (b) | (d) | (a) | (c) |
| (D) | (d) | (b) | (a) | (c) |

11. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists

| List – I | List – II |
|---|---|
| I. Law in a changing society | (a) Fuller |
| II. Human Law and Human Justice | (b) Friedmann |
| III. The morality of law | (c) Stone |
| IV. Ancient law | (d) Main |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (c) | (b) | (d) |
| (B) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (C) | (b) | (a) | (d) | (c) |
| (D) | (a) | (b) | (d) | (c) |

12. Which one of the following schools of Jurisprudence considers that "a reasoned scale of values can be discovered as a basis for legal development" ?

(A) Sociological
(B) Historical
(C) Analytical
(D) Philosophical

13. According to Salmond, the correlative of liberty is

(A) Duty
(B) No rights
(C) Subjection
(D) Disabilities

14. **Assertion (A) :** Customs to have the force of law must be immemorial.

**Reason (R) :** Custom represents common consciousness of people.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not a correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

15. **Assertion (A) :** International Court of Justice has power to decide cases on the basis of equity

**Reason (R) :** Equity is one of the General Principles of Law recognized by Civilized Nations.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

10. सूची – I (विधिशास्त्री) का सूची – II (धारणा) के साथ मिलान कीजिये और सुचियों के नीचे दिये गये कूटों का इस्तेमाल करते हुए सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| I. | एक्वीनास | (अ) | ज्यूरल पोस्ट्यूलेट्स |
| II. | पाउँड | (ब) | व्यक्तियों की भावना |
| III. | केल्सन | (स) | मूल मानक |
| IV. | सेविग्नि | (द) | विधि में कारण एवं इच्छा |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ब) | (द) | (स) | (अ) |
| (B) | (द) | (ब) | (स) | (अ) |
| (C) | (ब) | (द) | (अ) | (स) |
| (D) | (द) | (ब) | (अ) | (स) |

11. सूची – I का सूची – II के साथ मिलान कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का इस्तेमाल करते हुए सही उत्तर चुनिये ।

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| I. | बदलते हुए समाज में विधि | (अ) | फूलर |
| II. | मानव विधि और मानव न्याय | (ब) | फ्रीडमेन |
| III. | विधि की नैतिकता | (स) | स्टोन |
| IV. | प्राचीन विधि | (द) | मैन |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (अ) | (स) | (ब) | (द) |
| (B) | (स) | (अ) | (ब) | (द) |
| (C) | (ब) | (अ) | (द) | (स) |
| (D) | (अ) | (ब) | (द) | (स) |

12. निम्न में से कौन सी एक विधिशास्त्र की पाठशाला यह अधिनिर्मित करती है : "विधि के विकास के आधार के रूप में मूल्यों का तार्किक मापदण्ड एक खोजी हो सकता है "?

(A) सामाजिक (B) ऐतिहासिक
(C) विश्लेषणात्मक (D) दार्शनिक

13. सामण्ड के अनुसार स्वतन्त्रता का सह-सम्बन्धित शब्द है :

(A) दायित्व
(B) कोई अधिकार नहीं
(C) पराधीनता
(D) अयोग्यताएँ

14. **अभिकथन** (A) : रूढ़ियों को विधि का बल प्राप्त करने के लिये स्मरणातीत होना चाहिए ।

**कारण** (R) : रूढ़ि आम आदमी की चेतना का प्रतिनिधित्व करती है ।

**कूट** :

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(B) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है लेकिन (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है लेकिन (R) सही है ।

15. **अभिकथन** (A) : अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के पास मामलों को साम्या के आधार पर विनिश्चित करने की शक्ति होती है ।

**कारण** (R) : साम्या विधि के सामान्य सिद्धान्तों में से एक है जो कि सभ्य राष्ट्रों को मान्य है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

16. Match List-I with List-II :

| **List – I (Subject Matter)** | **List – II (Cases)** |
|---|---|
| (a) International Custom | (i) S. S. Lotus (France v. Turkey) PCIJ, Series A, No. 10 |
| (b) Res Judicata | (ii) U. N. Administrative Tribunal case, International Law Reports, 1954, P. 310 |
| (c) Legal status of General Assembly Resolutions on decolonization and self determination | (iii) Western Sahara Case, Advisory Opinion, ICJ Rep., 1975, P. 12 |
| (d) Human Rights | (iv) Lawless Case, American Journal of International Law, Vol. 56, 1962, P. 187 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

17. U. N. Commission on Human Rights has been discarded and replaced by
(A) Economic, Social and Cultural Rights Committee
(B) Amnesty International
(C) Human Rights Committee
(D) Human Rights Council

18. Which of the following is not a primary source of International Law ?
(A) International Treaty
(B) Decision of International Court of Justice
(C) International Custom
(D) General Principle of Law recognized by Civilized Nations

19. Which of the following cases relates to retroactive nature of the act of recognition of government ?
(A) Aksionairnoye Obschestro A. M. Luthar V. James Sagor & Co., (1921) 3 K.B. P. 532
(B) Trendtex Trading Corporation V. Central Bank of Nigeria, (1977) B. P. 529
(C) Central Air Transport Inc. V. Central Air Transport Corporation, (1953) A. C. P. 70
(D) Nicaragua V. U.S.A., ICJ Rep., 1984, P. 169.

20. In a case concerning the legality of the Threat or use of Nuclear Weapons, the International Court of Justice gave advisory opinion at the request of :
(A) U.N. Security Council
(B) U. N. General Assembly
(C) World Health Organization
(D) United Nations Educational and Cultural Organization

21. Which is not the modern source of Hindu Law ?
(A) Equity, Justice and Good Conscience
(B) Precedent
(C) Sruti
(D) Legislation

22. Consider the following propositions and give the correct answer
I. A void marriage remains valid until a decree annulling it has been passed by a competent court.
II. A void marriage is never a valid marriage and there is no necessity of any decree annulling it.
III. A voidable marriage is regarded as a valid marriage until a decree annulling it has been passed by a competent court.

**Codes :**
(A) I, II and III are correct
(B) I and II are correct
(C) II and III are correct
(D) I and III are correct



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**16.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें –

| सूची – I (विषय समष्टी) | | सूची – II (वाद) | |
|---|---|---|---|
| (a) | अंतर्राष्ट्रीय रूढ़ि/प्रथा | (i) | एस. एस. लोटस (फ्रांस बनाम टर्की) पी सी आई जे, श्रृंखला ए, संख्या : 10 |
| (b) | रैस ज्युडिकेटा (पूर्व निर्णीत) | (ii) | यू. एन. प्रशासनिक अधिकरण मामला, अंतर्राष्ट्रीय विधि रिपोर्ट्स, 1954, पृ.310 |
| (c) | उपनिवेशी - करण तथा स्वनिर्धारण पर महासभा के प्रस्तावों की कानूनी प्रास्थिति | (iii) | वैस्टर्न सहारा मामला, एडवाइज़री ओपिनियन, आई सी जे. रिपोर्ट्स, 1975, पृ.12 |
| (d) | मानवाधिकार | (iv) | लॉ-लेस केस, अमेरिकन जर्नल ऑफ इंटरनेशनल लॉ, खंड : 56, 1962, पृ. 187 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**17.** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग को हटा दिया गया है और निम्नलिखित के द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है :

(A) आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकार समिति

(B) एमनेस्टी इंटरनेशनल

(C) मानवाधिकार समिति

(D) मानवाधिकार परिषद्

**18.** अंतर्राष्ट्रीय विधि का प्राथमिक स्रोत कौन सा नहीं है ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय संधि

(B) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का निर्णय

(C) अंतर्राष्ट्रीय रूढ़ि/प्रथा

(D) सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्य विधि के सामान्य सिद्धान्त

**19.** निम्नलिखित में से कौनसा मामला सरकार द्वारा मान्यता देने के कार्य की पूर्वप्रभावी प्रकृति से सम्बन्धित है ?

(A) एक्सियोनायरनॉय ऑबस्केस्ट्रो ए. एम. लूथर बनाम जेम्स सागर एण्ड क., (1921) 3 K.B. पृ. 532

(B) ट्रेंडटेक्स ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन बनाम नाइजीरियन सेन्ट्रल बैंक, (1977) Q.B. पृ. 529

(C) केन्द्रीय वायु परिवहन निगमन बनाम केन्द्रीय वायु परिवहन निगम, (1953) A.C. पृ.70

(D) तिकारागुआ बनाम यू.एस.ए., ICJ रिपोर्ट 1984, पृ. 169.

**20.** धमकी की वैधता या नाभिकीय अस्त्रों के उपयोग से सम्बन्धित मामले में, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने किसके निवेदन पर परामर्शी राय दी थी ?

(A) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्

(B) संयुक्त राष्ट्र महासभा

(C) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(D) संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संगठन

**21.** हिन्दू कानून का आधुनिक स्रोत क्या नहीं है ?

(A) साम्या, न्याय और शुद्ध अंत:करण

(B) पूर्व निर्णय

(C) श्रुति

(D) विधान

**22.** निम्नलिखित प्रतिपादनाओं पर विचार करें और बताएं कौन सी सही हैं ?

I. शून्य विवाह तब तक वैध रहता है जब तक सक्षम न्यायालय द्वारा उसे निष्प्रभावित करने के लिये डिक्री नहीं पारित की जाती ।

II. शून्य विवाह कभी वैध विवाह नहीं होता है और उसे निष्प्रभावित करने की किसी डिक्री की कोई आवश्यकता नहीं है ।

III. शून्यकरणीय विवाह को तब तक वैध विवाह समझा जाता है जब तक सक्षम न्यायालय के द्वारा उसे निष्प्रभावित करने की डिक्री पारित नहीं की जाती है ।

**कूट :**

(A) I, II और III सही हैं ।

(B) I और II सही हैं ।

(C) II और III सही हैं ।

(D) I और III सही हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

23. **Assertion (A) :** Break down of marriage as such is not a ground for Divorce.

**Reason (R) :** It may result into an easy way of dissolution of marriage and shall result into instability in the society.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(C) Both (A) and (R) are wrong.
(D) (R) is correct, but (A) is wrong.

24. Dastane Vs. Dastane is a case decided by the Supreme Court relating to :

(A) Adultery
(B) Dessertion
(C) Cruelty
(D) None of the above

25. Marriages of all persons who are citizens of India belonging to various religions should by made compulsory registrable in their respective States where the marriage is solemnised. This was held by the Supreme Court in the case of :

(A) Githa Hariharn Vs. RBI
(B) Seema Vs. Ashwani Kumar
(C) John Vallamathom Vs. Union of India
(D) None of the above

26. **Assertion (A) :** The Hindu Marriage Act, 1955 brought changes like prohibition of polygamy and prigamy and permission for inter-caste marriages.

**Reason (R) :** The changes were brought under social pressure.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

27. An agreement made by mistake is

(A) Void (B) Voidable
(C) Illegal (D) Immoral

28. Which of the following statements are true ?

(i) Minor's contract can be ratified on attaining majority.
(ii) Minor's contract cannot be ratified on attaining majority.
(iii) Minor's contract can be ratified jointly by both the parties to the contract.
(iv) Minor is not liable under minor's contract.

**Codes :**

(A) (i) and (iii)
(B) (ii) and (iv)
(C) (i) and (ii)
(D) (ii) and (iii)

29. **Assertion (A) :** Damages must be related to damage.

**Reason (R) :** Damage is damaging and damages are compensating.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, and (R) is correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

30. Arrange the following concepts in sequence in which they appeared. Use the codes given below :

(i) Offer by x to y
(ii) Undue influence of x over y
(iii) Demand of damages by y from x
(iv) Acceptance of the offer by y.

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv)
(B) (i) (iv) (iii) (ii)
(C) (ii) (i) (iv) (iii)
(D) (ii) (iv) (i) (iii)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

23. **अभिकथन** (A) : विवाह का टूटना तलाक का आधार नहीं है ।

**कारण** (R) : यह विवाह के विघटन के आसान तरीके में फलित हो सकता है और समाज में अस्थिरता का परिणाम होगा ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

24. दस्ताने बनाम दस्ताने मामला जिसका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय किया गया था किससे सम्बन्धित है ?

(A) परस्त्रीगमन

(B) अभित्यजन

(C) क्रूरता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. उन सभी व्यक्तियों, जो भारत के नागरिक हैं, विभिन्न धर्मों से हैं, के विवाह के उनके अपने अपने राज्यों में जहां विवाह हुआ है अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कर देना चाहिए । यह किसके मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय किया था ?

(A) गीथा हरिहरन बनाम भारतीय रिज़र्व बैंक

(B) सीमा बनाम अश्वनी कुमार

(C) जॉन वैल्लमथॉम बनाम भारत संघ

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. **अभिकथन** (A) : हिन्दु विवाह अधिनियम, 1955 ने बहुविवाह और द्विविवाह का निषेध और अंत:जातीय विवाह की अनुमति जैसे परिवर्तन लागू किये ।

**कारण** (R) : सामाजिक दबाव के अन्तर्गत परिवर्तन लागू किये गये ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

27. भूल से किया गया करार :

(A) शून्य होता है ।

(B) शून्यकरणीय होता है ।

(C) अवैध होता है ।

(D) अनैतिक होता है ।

28. निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?

(i) अव्यस्क की संविदा को वयस्कता प्राप्त होने पर अनुसमर्थन दिया जा सकता है ।

(ii) अव्यस्क की संविदा का वयस्कता प्राप्त होने पर अनुसमर्थन नहीं किया जा सकता है ।

(iii) अव्यस्क की संविदा को उसके दोनों पक्षों द्वारा संयुक्त रूप से अनुसमर्थित किया जा सकता है ।

(iv) अव्यस्क संविदा के अंतर्गत अव्यस्क जिम्मेदार नहीं होता है ।

**कूट** :

(A) (i) और (iii) (B) (ii) और (iv)

(C) (i) और (ii) (D) (ii) और (iii)

29. **अभिकथन** (A) : नुकसानी क्षति से सम्बन्धित होने चाहिये ।

**कारण** (R) : क्षति नुकसान है और नुकसानी मुआवजा देना है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

30. निम्नलिखित धारणाओं को उनके प्रकट होने के अनुक्रम में व्यवस्थित करें । नीचे दिये कूटों का उपयोग करें :

(i) $x$ द्वारा y को प्रस्ताव

(ii) y पर $x$ का असम्यक् प्रभाव

(iii) y द्वारा x से मुआवजे की मांग

(iv) y द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति

**कूट** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**31.** Which one of the following pairs is correctly matched ?

(A) In India, consideration must follow…..from promisee only.

(B) In India, consideration must follow……from only promisor or only promisee.

(C) In India, consideration must follow……from promisor or any other person.

(D) In India, consideration must follow…..promisee or any other person.

**32.** **Assertion (A) :** Collateral transactions to wagering agreements are valid.

**Reason (R) :** Only wagering agreements are declared void under Section 30 of the Indian Contract Act.

**Codes :**

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

**33.** Liability in torts depends on

(A) quantum of damages suffered

(B) involvement of intention

(C) infringement of legal right

(D) effect of public interest

**34.** Which of the following ingredients are essential to make master liable for the acts of the servant ?

(1) Tort was committed by the servant.

(2) Tort was committed in the course of employment.

(3) Express authority was given by master.

(4) Master has knowledge of all constituent offers of tort.

**Codes :**

(A) 1, 2, 3 (B) 1, 2, 4

(C) 3, 4 (D) 1, 2

**35.** Which of the following is an essential constituent of negligence ?

(1) Defendant was under or legal duty to exercise due care

(2) This duty was owed to plantiff

(3) Defendant committed breach of such duty

(4) That the breach of such duty was the direct and proximate cause of the damage alleged.

**Codes :**

(A) 1, 2 and 3

(B) 1, 2, 3 and 4

(C) 2, 3 and 4

(D) 1, 2 and 4

**36.** Which one of the following is not a good defence in suits for damages or negligence ?

(A) Contributory Negligence

(B) Express contract with plantiff

(C) Express contract where statute prohibits

(D) Voluntary assumptions of risk

**37.** Match List –I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Rayland Vs Fletcher | 1. Compensation for pain and suffering |
| (b) Donoghue V Stevenson | 2. Loss caused by Competition in business |
| (c) Gludster Grammer School Case | 3. Strict liability |
| (d) Rose Vs. Ford | 4. Liability of minor for tests |
| | 5. Liability for negligence |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (C) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) भारत में प्रतिफल – केवल वचनग्रहीता से ही आना चाहिये ।

(B) भारत में प्रतिफल – केवल वचनदाता अथवा केवल वचनग्रहीता से आना चाहिये ।

(C) भारत में प्रतिफल – वचनदाता या किसी भी व्यक्ति से आना चाहिये ।

(D) भारत में प्रतिफल – वचनग्रहीता या किसी अन्य व्यक्ति से आना चाहिये ।

**32.** **अभिकथन (A)** : बाजी के करार के सांपार्श्विक संव्यवहार वैध हैं ।

**कारण (R)** : केवल बाजी के करार भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 30 के अंतर्गत शून्य घोषित किये गये हैं ।

**कूट** :

(A) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(B) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**33.** अपकृत्य में दायित्व निर्भर करता है :

(A) जो नुकसान हुआ उसकी मात्रा पर

(B) प्रयोजन के साथ जुड़ाव पर

(C) कानूनी अधिकार के अतिक्रमण पर

(D) लोक रूचि के प्रभाव पर

**34.** नौकर के कृत्यों के लिये मालिक को दायी बनाने के लिये कौन से संघटक अनिवार्य हैं ?

(1) अपकृत्य नौकर द्वारा किया गया

(2) अपकृत्य नौकरी के दौरान किया गया

(3) मालिक द्वारा सत्ता दी गई थी

(4) मालिक को अपकृत्य के समस्त संघटकों का ज्ञान था

**कूट** :

(A) 1, 2, 3 (B) 1, 2, 4

(C) 3, 4 (D) 1, 2

**35.** असावधानी के अनिवार्य घटक कौन से हैं ?

(1) प्रतिवादी का कानूनी कर्तव्य था कि सावधानी बरते

(2) यह कर्तव्य वादी को ऋण था

(3) प्रतिवादी ने ऐसे कर्तव्य को भंग किया

(4) इस कर्तव्य की भंगता तथाकथित नुकसान का निकटतम एवं प्रत्यक्ष कारण था ।

**कूट** :

(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 2, 3 और 4

(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 2 और 4

**36.** नुकसानी या असावधानी के लिये वादों में कौन सा उत्तम प्रतिरक्षा नहीं है ?

(A) योगदायी असावधानी

(B) वादी के साथ संविदा अभिव्यक्त करना

(C) जहाँ परिनियम निषेध करता है वहां संविदा अभिव्यक्त करना ।

(D) जोखिम का स्वैच्छिक भारग्रहण

**37.** सूची – I को सूची – के साथ सुमेलित करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | रेलैण्ड्स बनाम फ्लेचर | (1) | दर्द तथा कष्ट के लिये मुआवजा |
| (b) | डोनोघ बनाम स्टीवनसन | (2) | कारोबार में स्पर्धा के कारण हानि |
| (c) | ग्लाउडस्टर ग्रैमर स्कूल का मामला | (3) | कठोर दायित्व |
| (d) | रोज़ बनाम फोर्ड | (4) | अपकृत्यों के लिये अव्यस्क का दायित्व |
| | | (5) | असावधानी के लिये दायित्व |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (C) | 3 | 5 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

38. **Assertion (A) :** Tort is a civil wrong redressible by an action for unliquidated damages only.

**Reason (R) :** Law does not provide compensation in the nature of liquidated damages.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

39. 'Z' while walking along a deserted road at night during winter saw a just born baby abandoned on a side. For a moment be realized that he could save the baby without appreciable trouble, expense or loss of his time and also felt that if the baby is left over unprotected, it might die. But he did nothing and went away.
'P' another person also passed through that road and saw the baby and acted just like 'Z' and went away. Next morning the infant baby died of exposure.
Decide who is responsible ?

(A) Only 'Z' who saw first
(B) 'P' for omitting to be compassionate
(C) Both 'Z' and 'P' for negligence
(D) Neither 'Z' nor 'P' is responsible

40. Decide on whom criminal liability can be fixed on the following :
The accused 'P' caught hold of the victim and exhorted on the main accused 'L' to strike the victim; upon which he inflicted a <u>kirpan</u> wound and consequently the victim died.

**Assertions :**

(i) 'P' is liable for punishment.
(ii) 'P' and 'L' are both liable for common intention.
(iii) 'P' and 'L' are both responsible for victims death for having common object.
(iv) 'P' is not liable for any offence.

**Reasons :**

(A) (i) is quite possible
(B) (ii) is reasonable
(C) (iii) is as occasion demands
(D) (iv) is most accurate

41. 'M' a quack, an uneducated in matters of surgery, had performed an operation on a man for internal piles with the help of ordinary Knife, unlike previous occasions, for which the man died due to haemorrhage. Decide on 'M''s liability.

(i) 'M' is a recognised quack and hence not liable.
(ii) 'M''s profession is not legally acceptable hence liable.
(iii) 'M' is not liable because the man consented for such operation.
(iv) 'M' is not liable because it was a post – operational syndrome

The probable answer is :

(A) Statement (i) is correct
(B) Statement (ii) is correct
(C) Statement (iii) is correct
(D) Statement (iii) and (iv) are correct

42. Fill in the gap.
'P' in support of a just claim of 'Q' has stated against 'Z', for a sum of Rupees one thousand and falsely sweared on a trial that he heard 'Z' admitted as to the just claim of 'Q'. The court decides that it was an affirmation of ________.

(A) Statement of truth
(B) False evidence
(C) Making a declaration
(D) None of them

43. One of the essentials of holding a person responsible for dowry death is

(A) subjected to harassment by peer groups.
(B) subjected to harassment for dowry
(C) subjected to harassment under suspicious circumstances
(D) All of them



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**38.** **अभिकथन (A)** : अपकृत्य लोक अन्याय है जो केवल अपरिनिर्धारित नुकसानी द्वारा प्रतितुष्ट होता है ।

**कारण (R)** : कानून परिनिर्धारित नुकसानी की प्रकृति में क्षतिपूर्ति नहीं प्रदान करता है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**39.** 'Z'ने सर्दियों में एक रात वीरान सड़क पर चलते हुए एक किनारे पर परित्यक्त नव शिशु को देखा । क्षण भर के लिये उसने समझा कि वो शिशु को बिना किसी परेशानी, अपना समय गंवाए बिना बचा सकता है और यह भी सोचा कि यदि शिशु को बिना रक्षा के छोड़ा, तो वह शायद मर जायेगा । परन्तु उसने कुछ नहीं किया और चला गया ।

अन्य व्यक्ति, 'P' भी उसी सड़क से गुजरा और शिशु को देखा और उसने भी वही किया जो 'Z'ने किया था और चला गया । सुबह तक शिशु ठंड से मर गया था ।

फैसला करें कौन जिम्मेदार है ?

(A) केवल 'Z' जिसने पहले देखा था ।

(B) 'P' जो दयालु न बना ।

(C) 'Z' और 'P' दोनों लापरवाही के लिये ।

(D) न 'Z' और न 'P' ही जिम्मेदार है ।

**40.** निम्नलिखित के लिये किस पर आपराधिक दायित्व निर्धारित किया जा सकता है फैसला करें ?

मुलजिम 'P' ने विपदग्रस्त व्यक्ति को पकड़ा और मुख्य मुलजिम (अभियुक्त) 'L' को उस पर प्रहार करने के लिये प्रेरित किया; जिस पर उसने अपनी कृपाण से चोट की और फलस्वरूप आहत व्यक्ति मर गया ।

**अभिकथन** :

(i) 'P' दण्ड के योग्य है ।

(ii) 'P' और 'L' दोनों एक जैसे प्रयोजन के लिये दायी हैं ।

(iii) 'P' और 'L' दोनों सर्वनिष्ठ उद्देश्य के कारण आहत व्यक्ति की मृत्यु के लिये जिम्मेदार हैं ।

(iv) 'P' किसी अपराध के लिये दायी नहीं है ।

**कारण** :

(A) (i) काफी संभावित है ।

(B) (ii) युक्तियुक्त है ।

(C) (iii) अवसर की मांग अनुसार है ।

(D) (iv) सर्वाधिक ठीक-ठीक है ।

**41.** 'M' एक नीम हकीम है, सर्जरी के मामलों में अशिक्षित है, उसने साधारण छूरी के साथ आंतरिक अर्श (बवासीर) से ग्रस्त व्यक्ति का ऑपरेशन किया और पिछले अनुभवों के विपरीत इस बार रक्तस्राव के कारण उसकी मृत्यु हो गई । 'M' के दायित्व का फैसला करे :

(i) 'M' मान्यता प्राप्त नीम हकीम है इसलिये दायी नहीं है ।

(ii) 'M' का पेशा कानूनी तौर पर स्वीकार्य नहीं है इस कारण वो दायी है ।

(iii) 'M' दायी नहीं है क्योंकि उस व्यक्तिने इस ऑपरेशन के लिये अपनी सहमति दी थी ।

(iv) 'M' दायी नहीं है क्योंकि यह ऑपरेशन उत्तरोत्तर संलक्षण है ।

संभावित उत्तर है :

(A) अभिकथन (i) सही है ।

(B) अभिकथन (ii) सही है ।

(C) अभिकथन (iii) सही है ।

(D) अभिकथन (iii) और (iv) सही हैं ।

**42.** रिक्त स्थान को भरें :

'P' ने 'Q' के न्यायसंगत दावे के समर्थन में, एक हजार रूपये के लिये 'Z' के विरुद्ध बयान दिया और न्यायिक विचारण के दौरान झूठी शपथ ली कि उसने 'Z' को, 'Q' के न्यायसंगत दावे को स्वीकारते सुना है । न्यायालय ने फैंसला किया कि यह ____की पुष्टि है ।

(A) सत्य का अभिकथन

(B) मिथ्या साक्ष्य

(C) घोषणा करने

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** व्यक्ति को दहेज मृत्यु के लिये उत्तरदायी ठहराने के लिये अनिवार्य तत्त्व है :

(A) सम-उम्र साथियों के समूह द्वारा परेशान किया गया ।

(B) दहेज के लिये परेशान किया गया ।

(C) सन्देहजनक परिस्थितियों में परेशान किया गया ।

(D) उपर्युक्त सभी ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**44.** Fill in the gap :
An act of grievous hurt is always inferred through enormity to ________ and not merely a slight more than a frolic.
(A) Murder
(B) Bodily injury
(C) Amputation
(D) All of them

**45.** **Assertion (A) :** Before Bangalore Water Supply case educational institutions were excluded from the definition of an industry.
**Reason (R) :** Main purpose of such institutions is to impart education, and not to run business or trade.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation.
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

**46.** An individual dispute becomes industrial dispute when it is taken up by
(A) Union only.
(B) Union or substantial number of workmen.
(C) Continuous support of union.
(D) Subsequent support of union.

**47.** Which of the following statements are true ?
I. All employees are workmen.
II. All employees are not workmen.
III. All workmen are employees.
IV. All managerial staff are workmen.
**Codes :**
(A) I and II
(B) II and III
(C) III and IV
(D) I and III

**48.** In which of the following cases the Supreme Court held that medical representative is not workman ?
(A) Standard Vacuum Oil Company V. Commissioner of Labour
(B) Anand Bazar Patrika V. Its Workmen
(C) Workmen V. Greaves Cotton & Co.
(D) J & J Dechane V. State of Kerala

**49.** Which one of the following statement is true ?
(A) The general funds of a registered trade union shall not be spent on the payment of salaries.
(B) A registered Trade union may constitute a separate fund for the promotion of the civic and political interests.
(C) No appeal lies against the order of refusal of the Registrar to register a Trade union.
(D) Every registered Trade Union shall not be a body corporate.

**50.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| | **List – I (Subject)** | **List – II (Provisions of Trade Union Act, 1926)** |
|---|---|---|
| (i) | Appointment of Registrar | 1. Section 24 |
| (ii) | Appeal | 2. Section 10 |
| (iii) | Amalgamation of Trade Unions | 3. Section 3 |
| (iv) | Cancellation of registration | 4. Section 11 |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 1 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**44.** रिक्त स्थान को भरें :
गहरी चोट के कृत्य को हमेशा ________ की घोरता के जरिये समझा जाता है और केवल उछल फांद से ज़रा ज्यादा नहीं समझा जाता है ।
(A) हत्या
(B) शारीरिक चोट
(C) अंगच्छेदन
(D) उपर्युक्त सभी

**45.** **अभिकथन A** : बेंगलोर वाटर सप्लाई मामले से पूर्व शैक्षणिक संस्थाओं को उद्योग की परिभाषा के बाहर रखा गया ।
**तर्क (R)** : ऐसी संस्थाओं का मुख्य प्रयोजन शिक्षा देना है, तथा न कि कारोबार या व्यवसाय करना ।
**कूट** :
(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, तथा (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

**46.** एक व्यक्तिगत विवाद औद्योगिक विवाद बन जाता है जब वह उठाया जाता है –
(A) केवल संघ द्वारा ।
(B) संघ या कर्मकारों की सारभूत संख्या द्वारा ।
(C) संघ के लगातार सहयोग द्वारा ।
(D) संघ द्वारा बाद में सहयोग मिलने पर ।

**47.** निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?
I. सभी कर्मचारी कर्मकार हैं ।
II. सभी कर्मचारी कर्मकार नहीं हैं ।
III. सभी कर्मकार कर्मचारी हैं ।
IV. सभी प्रबंधकीय स्टॉफ कर्मकार है ।
**कूट** :
(A) I एवं II
(B) II एवं III
(C) III एवं IV
(D) I एवं III

**48.** निम्न मामलों में से किसमें सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्धारित किया कि चिकित्सकीय प्रतिनिधि कर्मकार नहीं है ?
(A) स्टेन्डर्ड वेक्यूम ऑयल कम्पनी बनाम लेबर कमिश्नर ।
(B) आनंद बाजार पत्रिका बनाम इनके कर्मकार ।
(C) कर्मकार बनाम ग्रीव्ज कॉटन एण्ड कम्पनी ।
(D) जे एवं जे देचान बनाम केरल राज्य ।

**49.** निम्न में से कौन सा कथन सही है ?
(A) पंजीकृत व्यवसाय संघ का सामान्य कोष वेतन के भुगतान में खर्च नहीं किया जा सकता है ।
(B) नागरिक एवं राजनैतिक हित के संवर्द्धन के लिये एवं पंजीकृत व्यवसाय संघ अलग से कोष का गठन कर सकता है ।
(C) एक व्यवसाय संघ के पंजीकरण को अस्वीकार करने का रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अपील नहीं होती है ।
(D) प्रत्येक पंजीकृत व्यवसाय संघ निगमित निकाय नहीं होता है ।

**50.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये तथा अधोलिखित कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :

| **सूची – I (विषय)** | **सूची – II (व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 के प्रावधान)** |
|---|---|
| (i) रजिस्ट्रार की नियुक्ति | 1. धारा 24 |
| (ii) अपील | 2. धारा 10 |
| (iii) व्यवसाय संघों का समामेलन | 3. धारा 3 |
| (iv) पंजीकरण को रद्द करना | 4. धारा 11 |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 1 |



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in